तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 1 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 चलती ट्रेन के सामने कूदी महिला, लोको पायलट की सूझबूझ से बची जान



## खबर संक्षेप

### रबी की समीक्षा तथा खरीफ के कार्यक्रम हेतु बैठक 6 मई को

**अम्बिकापुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में रबी वर्ष 2025-26 की प्रगति की समीक्षा तथा खरीफ वर्ष 2026 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु सरगुजा संभाग की संभाग स्तरीय बैठक 06 मई 2026 को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।

### पद्म पुरस्कार 2027 हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री) के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च से आधिकारिक पोर्टल पर प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक व्यक्तियों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2027 निर्धारित की गई है। कार्यालय आयुक्त, सरगुजा संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों के माध्यम से देश के सुदूर वनांचल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कार्यरत ऐसे गुमनाम नायकों को पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे विविध क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। संभाग के सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे वास्तविक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की पहचान कर उनका नामांकन सुनिश्चित करें। साथ ही, नामांकन के साथ संलग्न किए जाने वाले विवरण को स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं प्रभावशाली बनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया है। आयुक्त सरगुजा संभाग ने आम नागरिकों से आह्वान की है कि वे अपने आसपास के ऐसे समाजसेवियों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार हेतु आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

### तेज आंधी के साथ शुरू हुई बारिश, कई जगह गिरे ओले

**राजपुर।** गुरूवार की दोपहर अचानक मौसम के बदलने के साथ तेज आंधी के साथ शुरू हुई बारिश ने जहां कुछ समय के लिए लोगों को राहत दी वहीं बारिश बंद हो जाने से लोग उमस से परेशान हो गए। बारिश के दौरान कई जगह पर ओलावृष्टि भी हुई जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। गुरूवार की सुबह जहां तेज धूप से लोग परेशान रहे वहीं दोपहर को आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। अचानक मौसम के बदलने से तेज बारिश शुरू हो गई, जो करीब आधे घंटे तक लगातार जारी रही। बारिश के साथ-साथ कई जगहों पर ओलावृष्टि होने से किसानों और राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी। तेज आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ की डालियां टूटकर गिर गईं, वहीं बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए बाधित रही। अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन ओलावृष्टि ने चिंता बढ़ा दी है। किसानों के लिए यह बारिश मिश्रित असर लेकर आई है। जहां एक ओर फसलों को पानी मिलने से लाभ हो सकता है, वहीं ओलों के कारण खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ लोनिवि, एनएच के काम प्रभावित, ठेकेदारों की भी बढ़ी परेशानी

# सरगुजा में डामर की किल्लत के बाद जिलेभर में डामरीकरण बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अंबिकापुर। पेट्रोल डीजल और एलपीजी की किल्लत के बीच अब प्रदेश के साथ ही सरगुजा में डामर की किल्लत हो गई है। डामर की कीमतों में तीन गुना तक आए उछाल के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। आलम यह है कि ठेकेदारों को डामर नहीं मिल रहा है और डामर प्लांट बंद पड़े हुए है। डामर प्लांट बंद होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के साथ ही अन्य विभागों के अंतर्गत होने वाले डामरीकरण के कार्य या तो बंद हो चुके है या फिर उनकी रफ्तार ना के बराबर है। डामर की कीमत बढने और सप्लाई में आई परेशानी के कारण ठेकेदारों की परेशानी बढ़ गई है जबकि निर्माण कार्य भी प्रभावित हुए है।

**खास बात**
- तीन गुना तक हुआ कीमत में इजाफा

बता दें कि सरगुजा में राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर साढ़े छह सौ करोड़ रूपए से अधिक की लागत से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है जबकि लोक निर्माण विभाग में भी करोड़ो रूपए के काम चल रहे है लेकिन इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के डामरीकरण के काम बंद हो चुके है या फिर बंद होने की कगार पर है। इसका प्रमुख कारण डामर की कमी को बताया जा रहा है। ठेकेदारों व विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में पेट्रोल डीजल व एलपीजी के साथ ही डामर की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। सप्लाई प्रभावित होने के कारण डामर की कीमतों में तीन गुना तक उछाल आया है। जो डामर पहले 40 हजार रूपए मीट्रिक टन में उपलब्ध हो जाता था वही डामर अब ठेकेदारों को 90 हजार रूपए मीट्रिक टन में मिल रहा है। कीमतों में वृद्धि से डामर की सप्लाई भी प्रभावित हुई है और ठेकेदारों को डामर नहीं मिल रहा है। डामर की सप्लाई प्रभावित होने से सीधा असर निर्माण कार्यों पर पडा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर वर्तमान में अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सड़क निर्माण का कार्य चल रह है और इसमें भी बलरामपुर से रामानुजगंज के बीच ठेकेदार ने डामरीकरण का कार्य शुरू भी किया था लेकिन डामर की समस्या उत्पन्न होने के बाद ठेकेदार ने 1-2 किमी तक काम करने के बाद फिलहाल डामरीकरण बंद कर दिया है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जिलेभर में चल रहे डामरीकरण के कार्य लगभग बंद पड़े हुए है। यही स्थिति नगर निगम क्षेत्र में भी बनी हुई है। डामर की सप्लाई नहीं होने के कारण ठेकेदार टेंडर लेने के बाद भी एग्रीमेंट करने को तैयार नहीं है और लगभग 15 करोड़ रूपए के 40 से अधिक काम रुक गए है।



एनएच 343 पर चलता काम।

### डामरीकरण के लिए था अनुकूल मौसम

ठेकेदारों की माने तो यह मौसम डामरीकरण के लिए सबसे अनुकूल था। दिन रात किसी भी समय डामरीकरण का काम किया जा सकता था लेकिन डामर नहीं मिलने से काम ठप पड़े हुए है। काम प्रभावित होने से कार्य पूर्णता की अवधि भी बढ़ जाएगी। बड़ी बात यह है कि गर्मी के बाद तत्काल बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा और बारिश में डामरीकरण के काम बंद हो जाते है ऐसे में डामरीकरण का काम प्रभावित हो सकता है।

#### एस्केलेशन चार्ज से भी राहत नहीं

बताया जा रहा है कि डामर की कीमतों में आए उछाल के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों के लिए केंद्र से एस्केलेशन चार्ज देने की पहल की जा रही है। वहीं लोक निर्माण विभाग व अन्य एजेंसी भी इस प्रक्रिया को अपनाएंगी लेकिन बड़ी बात यह है कि एस्केलेशन चार्ज प्रोजेक्ट के आधार पर अधिकतम 8 से 10 प्रतिशत तक बढ़ता है जबकि डामर की कीमतों में तीन गुना तक इजाफा हुआ है। इसके साथ ही वर्तमान में ठेकेदारों को अधिकतम 200 लीटर ही डीजल मिल पा रहा है। एलडीओ का काम भी प्रभावित हुआ है। ठेकेदारों के लेबर और कर्मचारी बेरोजगार हो गए है। ऐसे में उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है यही वजह है कि जिले में ठेकेदारों ने 90 प्रतिशत से अधिक कार्यों को बंद कर दिया है।

#### काम हुआ है प्रभावित

डामर की कीमतों में वृद्धि के कारण सप्लाई प्रभावित हुआ है। इस लिए डामरीकरण का काम प्रभावित हुआ है। एनएच 343 पर एक दो किमी काम किया। केंद्र सरकार बढ़ा हुआ दर देने के लिए सर्कुलर जारी किया जा रहा है जिसके बाद काम चल रहे है।

-आरडी ताम्ब्रे
ईई एनएच

#### आंशिक रूप से प्रभावित

डामर के देर बढने के बाद कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। यह मामला प्रदेश का है। काम पूर्ण रूप से बंद नहीं हुए है। शादी विवाह का सीजन भी चल रहा है इस लिए काम प्रभावित है। एसओआर वही है लेकिन डामर का कास्ट बढ़ा है। एस्केलेशन चार्ज का भी एक लिमिट है जो 8-10 प्रतिशत ही होता है।

-वीरेंद्र चौधरी
ईई लोनिवि

# मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि के बाद दर्ज हुआ अपराध, 3 नाबालिग समेत 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

शादी समारोह से लौट रही नाबालिग छात्राओं का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने अब कार्रवाई की है। मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने तीन विधि से संघर्षरत बालक समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही है लेकिन पहली बार मेडिकल जांच में दुष्कर्म से इनकार करने और कार्रवाई में लेट लतीफी से पुलिस प्रशासन और अस्पताल प्रबन्धन की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। इस मामले में बड़े पैमाने पर लापरवाही सामने आई है।

- शादी समारोह से लौट रही छात्राओं का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला, दो मेडिकल रिपोर्ट पर उठे सवाल, बड़ी लापरवाही उजागर

बता दें कि सीतापुर थाना क्षेत्र के वंदना गांव से शादी समारोह में शामिल होने गई चार सहेलियां दलदलीपारा गई हुई थी। इस दौरान वापस लौटते समय चार से पांच बाइक में सवार 9-10 युवकों ने नाबालिग लड़कियों को घेर लिया। आरोपियों ने नाबालिग लकड़ियों को जबरन अपनी अपनी बाईक पर बिठाया और अलग अलग रास्ते पर निकल गए। इनमें से चार युवकों ने एक नाबालिग को जंगल में लेजाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया जबकि दूसरी नाबालिग छात्रा को भी दो युवकों ने लेजाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपियों ने छात्राओं के साथ मारपीट की और उन्हें धमकी दी। दुष्कर्म के बाद आरोपी नाबालिग छात्राओं को छोड़कर भाग निकले। होश आने के बाद देर रात छात्राएं किसी तरह अपने घर पहुंची। इस बीच तीसरी छात्रा बाइक से कूदकर भाग निकली थी जबकि चौथी ने झाड़ियों के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई थी। इस मामले में 25 अप्रैल को छात्राओं ने परिजन को मामले की जानकारी दी जिसके बाद परिजन ने सीतापुर थाने में जाकर घटना की शिकायत की थी। आरोप है कि शिकायत किए जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और छात्राओं के मेडिकल परीक्षण व एफआईआर में लेट लतीफी की गई। 29 अप्रैल को जिपं सदस्य रत्नी नाग ने आदिवासी बच्चियों के साथ हुई इस घटना को उजागर किया जिसके बाद पुलिस व प्रशासन हरकत में आया और फिर से जांच शुरू की गई। अब इस मामले में पुलिस ने फिलहाल सीतापुर जजगा सेटरापारा निवासी 27 वर्षीय आनंद बेक आ. लिखन बेक, जजगा खालपारा निवासी 24 वर्षीय विकास उर्फ राहुल आ. नन्हू राम तिग्गा व जजगा ऊपरपारा निवासी मनीष खलखो उर्फ आभीस आ. सेनात खलखो समेत तीन विधि से संघर्षरत बालकों को बीएनएस की धारा 70(2) एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 4(2), 5(जी), 6 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि अखिलेश सिंह, सउनि शशिप्रभा दास, प्रधान आरक्षक अखिलेश्वर भगत, आरक्षक धनकेश्वर यादव, राकेश यादव, प्रमित भगत, निर्मल कुर्रे, बूढ़ा पैकरा, सेवक प्रसाद सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म के आरोपी।

### दो मेडिकल टेस्ट, रिपोर्ट अलग अलग

आदिवासी समाज की नाबालिग बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक बड़ी लापरवाही की बात सामने आई है। दोनों बच्चियों का सीतापुर सीएचसी में 26 व 27 अप्रैल को महिला चिकित्सक द्वारा मेडिकल परीक्षण किया गया। इस मेडिकल परीक्षण में चिकित्सक ने दुष्कर्म से इंकार करते हुए रिपोर्ट में नो इंजरी लिख दिया। इधर बच्चियों के बयान और उनकी स्थिति को देखते हुए परिजन और जिपं सदस्य रत्नी नाग ने जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाए थे। इस मामले की शिकायत उन्होंने सीएमएचओ से की जिसके बाद दोनों बच्चियों का एक बार फिर से 29 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की टीम से परीक्षण कराया गया जिसमें दोनों बच्चियों के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। दोनों बच्चियों के साथ हो जांच में रिपोर्ट के विरोधाभाषी होने पर सवाल खड़े हो रहे है। बच्चियों के दो मेडिकल रिपोर्ट की पुष्टि पुलिस विभाग ने भी की है और दूसरी मेडिकल रिपोर्ट के बाद आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

#### चल रही है विवेचना

मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। इस मामले में शिकायत के बाद अपराध दर्ज करने के साथ ही विधि से संघर्षरत बालक समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अग्रिम विवेचना चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

#### जारी करेंगे नोटिस

परिजन की शिकायत और रिपोर्ट से असंतुष्टि के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुनः बच्चियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। इस मामले को संज्ञान में लेकर नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा।

डॉ. पीएस मार्को
सीएमएचओ

# आदिवासी छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अत्यंत पिछड़े मंझवार जाति की नाबालिग बच्चियों के साथ हुए सामुहिक अनाचार और इस मामले को को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह के नेतृत्व में एक 5 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। इस जांच दल के सदस्यों में महिला कांग्रेस(शहर) की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, महिला कांग्रेस (ग्रामीण) की जिलाध्यक्ष श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री हेमंत तिवारी एवं डॉ लालचंद यादव शामिल हैं। 29 अप्रैल को इस घटना के खुलासे के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने इस संवेदनशील मामले की जानकारी प्रदेश नेतृत्व के साथ ही छत्तीसगढ़ की सहप्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग को भी दिया था। इसके उपरांत प्रदेश नेतृत्व ने जांच दल का गठन स्वीकृत किया। इस मामले की गंभीरता को ध्यान रखते हुए सुश्री जरिता लैतफलांग स्वयं 2 मई को अम्बिकापुर आकर पीड़ित बच्चियों और उनके परिजनों से मुलाकात करने जाएंगी। जिलाध्यक्ष कांग्रेस श्री पाठक ने कहा कि इस मामले में कार्रवाई करने के बजाय थाना सीतापुर ने लीपापोती कर मामले को दबाने का भरसक प्रयास किया गया। मामले को दबाने के प्रयास के तहत ही सीतापुर में हुए मेडिकल मुलाहजा में वहां के चिकित्सकों ने अनाचार नहीं होने की रिपोर्ट दे दी थी। उन्होंने गलत मेडिकल रिपोर्ट जारी करने वाले डॉक्टर को तत्काल सेवा से बर्खास्त करने एवं उसके विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की है।

#### टीएस ने जताई नाराजगी

इस मामले में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने गहरी नाराजगी जाहिर की ही। उन्होंने घटना को दुखद, पीड़ादायक और शर्मनाक बताया है। इसके साथ ही कानूनी कार्रवाई में देरी को चिंताजनक बताया है। उन्होंने का कि पीड़ितों को अपराध दर्ज कराने के संघर्ष करना पड़ा जो व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

### नदी में डूबने से वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** घुनघुट्टा नदी में स्नान करने गया वृद्ध गहरे पानी में डूब गय। परिजन वृद्ध को पानी से निकाल कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर ढाब मेण्ड्राकला निवासी दयाल किस्पोट्टा आ. स्व. काशी किस्पोट्टा बुधवार की शाम परिजन को घुनघुट्टा नदी में स्नान करने की बात कहकर निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं आया। रात में वृद्ध के घर नहीं आने पर परिजन खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। सुबह वृद्ध घुनघुट्टा नदी के पानी में मिला। परिजन वृद्ध को तत्काल पानी से निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## नशे की हालत में समीक्षा बैठक में शामिल होने पर सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा द्वारा विकासखंड बतौली के सहायक शिक्षक भोलेन्द्र पैंकरा को गंभीर अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर खालपारा प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक एलबी ई संवर्ग भोलेन्द्र पैंकरा की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई थी। 29 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में आयोजित जनगणना 2027 उन्मुखीकरण समीक्षा बैठक में वे कथित रूप से शराब के नशे की स्थिति में उपस्थित हुए तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर एवं अन्य अधिकारियों से अनुचित व्यवहार किया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देश पर उनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बतौली में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें चिकित्सक द्वारा उनके मुंह से शराब जैसी गंध आने की पुष्टि की गई। साथ ही तहसीलदार बतौली द्वारा भी बैठक में उनके नशे की स्थिति में उपस्थित होने एवं अशिष्ट आचरण की पुष्टि की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 एवं 23 का उल्लंघन तथा गंभीर कदाचार मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत श्री पैंकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उदयपुर नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### बादलों की सक्रियता के बीच गिरा 5.5 डिग्री पारा, अंधड़ के साथ ओलावृष्टि की संभावना

# प्रति चक्रवात के प्रभाव से बढ़ी नमी की मात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के साथ ही विभिन्न राज्यों में एक साथ कई मौसमी घटकों के सक्रिय होने के कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी आगामी पांच दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एवं अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं ओला गिरने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

वर्तमान में उत्तर भारत में द्रोणिका के रूप में पछुआ विक्षोभ सक्रिय है वहीं 2 मई को एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। दूसरी तरफ पूर्वी यूपी से उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल होते हुए पश्चिम बांग्लादेश तक द्रोणिका राजस्थान एवं पंजाब के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण विदर्भ से केरल तक प्रति चक्रवात सक्रिय है जिसके प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है साथ ही हवा की दिशा भी बदल रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण सुबह देर तक तेज रफ्तार दक्षिण-पूर्व की ठंडी हवाएं चली। पूरे दिन अलग-अलग दिशा की हवाएं चलती रही। मौसम विज्ञानी के अनुसार ऊपर से विक्षोभ की गर्म हवा गुजर रही है जबकि सतह पर खाड़ी की ठंडी हवा चल रही है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने एवं प्रति चक्रवात की ठंडी हवा के झोंके चलने से तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था जो गुरूवार को गिरकर 35.6 डिग्री पहुंच गया है। आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने के कारण रात के तापमान के यथावत रहने की संभावना जताई जा रही है। गुरूवार को सुबह बादलों की आवाजाही के बीच बलरामपुर जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में अंधड़ के साथ बारिश हुई। सीमावर्ती झारखण्ड में भी कई स्थानों पर बारिश होने की सूचना है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने एवं खाड़ी से अभी भी लगातार नमी पहुंचने के कारण शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं हल्की वर्षा होने की भी संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि आगामी पांच दिनों तक मौसमी घटकों के प्रभाव से तापमान में गिरावट होने के कारण गर्मी से राहत रहने की संभावना है। मौसमी घटकों के कमजोर पड़ते ही हवा की दिशा बदल जाएगी तथा फिर पश्चिम की गर्म हवाओं के प्रवाह से तापमान में क्रमशः वृद्धि होगी। मौसम विज्ञानी श्री भट्ट ने बताया कि दक्षिण-पूर्व एवं पश्चिमोत्तर की हव चलने से गरजने वाले बादल बनने की अनुकूल परिस्थितियां बनती हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात होने की भी संभावना जताई जा रही है।





## खबर संक्षेप

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव, कल मतदान

**मनेन्द्रगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जारी विज्ञप्ति के अनुसार निर्वाचन अधिकारी अशोक सिंह के निर्देशन में सहायक निर्वाचन अधिकारी जयलाल सिंह करयाम द्वारा 2 मई को होने वाले मतदान की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाने के लिए अधिवक्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार के अभद्र, भ्रामक या उकसावे वाले शब्दों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मतदान के दौरान किसी भी अधिवक्ता को मोबाइल फोन अपने साथ अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी को अपने मोबाइल फोन पीठासीन निर्वाचन अधिकारी के पास जमा कर मतदान करना होगा, इसके अलावा सभी मतदाताओं को संघ द्वारा जारी परिचय पत्र लेकर आने को कहा गया है। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतगणना प्रक्रिया मतदान के दिन शाम 4 बजे से प्रारंभ की जाएगी। इसके बाद विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। मतगणना में शामिल होने वाले सभी अधिवक्ताओं के लिए पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा।

### टूर्नामेंट में आईसेक्ट कॉलेज ने जीता मैच

**बैकुण्ठपुर।** शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में संचालित कोरिया प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में आईसेक्ट कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन बैकुंठपुर की टीम ने सीएसईबी छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की टीम को बेहद रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मैच के अंतिम क्षण तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आईसेक्ट कॉलेज बैकुंठपुर की ओर से खेलते हुए राहुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 7 गेंदों में 21 रन बनाए तथा गेंदबाजी में भी 1 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टीम की इस यादगार जीत पर आईसेक्ट कॉलेज टीम के कप्तान नरेश सोनी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि टीम ने कठिन परिस्थितियों में धैर्य और एकजुटता का परिचय दिया, जिसके परिणामस्वरूप यह शानदार जीत मिली।

### सोनहत मार्ग पर पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**बैकुण्ठपुर।** जंगलों के बीच वाहन चालकों की यह भीड़ अकारण नहीं बल्कि यातायात पुलिस द्वारा जांच से बचने के लिए सड़क के दोनों ओर वाहनों के पहिए थमे हुए हैं। गुरूवार को सोनहत-बैकुंठपुर मार्ग पर शिव मंदिर से थोड़ी आगे पुलिस ने दोपहर के समय वाहनों की जांच अभियान चलाया इससे बचने के लिए सड़क के दोनों ओर वाहन चालक कुछ देर के लिए ठहर गए, इस दौरान किसी को जरूरी काम से आगे जाना था तो किसी तरह जांच प्रक्रिया से गुजर कर आगे बढ़े। उल्लेखनीय है कि यातायात पुलिस कोरिया द्वारा समय-समय पर सोनहत-बैकुंठपुर मार्ग पर जांच अभियान चलाया जाता है। इस मार्ग पर ऐसे जगह पर प्वाइंट बनाकर जांच की जाती है, जहां से आर पार होने का दूसरा वैकल्पिक मार्ग नहीं है, ऐसे में कई लोग जांच से बचने के लिए घंटो जांच स्थल से दूरी बनाकर रखते है, जांच समाप्त होने पर अपने गंतव्य के लिए निकलते हैं।

### पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री के लिए नामांकन प्रक्रिया आधिकारिक पोर्टल पर 15 मार्च से प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक नागरिकों, संस्थाओं एवं प्रशासनिक इकाइयों के लिए नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। भारत सरकार की मंशा है कि पद्म पुरस्कारों के माध्यम से देश के सुदूर वनांचल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कार्यरत उन वास्तविक और गुमनाम नायकों को राष्टीय पहचान दी जाए, जिन्होंने समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरिंग तथा अन्य लोकहितकारी क्षेत्रों में निःस्वार्थ भाव से योगदान दिया है।

### आरोपी ने किया आत्महत्या का प्रयास, केल्हारी थाना क्षेत्र की घटना

# शादी समारोह में विवाद : पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलोखन में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक शादी समारोह के दौरान पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जहां गुस्से में आकर छोटू पनिका ने अपनी ही पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ निवासी दंपत्ति विवाह समारोह में शामिल होने ग्राम तिलोखन पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पति ने पत्नी को एक कमरे में ले जाकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतका।



आरोपी।

घटना के बाद आरोपी ने खुद को भी खत्म करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, हालांकि मौके पर मौजूद लोगों की सतर्कता से उसे बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही आ स पा स अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तत्काल आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर केल्हारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है, हालांकि हत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। शादी जैसे खुशी के माहौल में हुई इस वारदात ने सभी को स्तब्ध कर दिया है।

पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

# चलती ट्रेन के सामने कूदी महिला, लोको पायलट की सूझबूझ से बची जान

**मनेंद्रगढ़।** एक महिला ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन लोको पायलट की तत्परता और सूझबूझ के चलते उसकी जान बच गई। यह घटना मनेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर उस समय हुई जब चिरमिरी-रीवा पैसेंजर ट्रेन प्लेटफॉर्म के पास पहुंच रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, केल्हारी निवासी तीजा बाई भरेवा मनेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर चिरमिरी-रीवा पैसेंजर ट्रेन प्लेटफॉर्म के पास पहुंच रही थी तब अचानक ट्रैक की ओर दौड़ी और ट्रेन के सामने कूद गई। यह दृश्य देख स्टेशन पर मौजूद लोग दहशत में आ गए और चीख-पुकार मच गई। हालांकि ट्रेन के चालक ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे ट्रेन समय रहते रुक गई और महिला को गंभीर हादसे से बचा लिया गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद रेलवे




स्टाफ और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को ट्रैक से बाहर निकाला। महिला उस समय बेहोश अवस्था में थी। तत्काल उसे प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थिति पर डॉक्टरों की निगरानी जारी है। बताया जा रहा है कि महिला मानसिक तनाव में थी, हालांकि आत्महत्या के प्रयास के पीछे के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुट गए हैं और महिला के परिजनों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और समय पर लिया गया निर्णय कितनी बड़ी दुर्घटना को टाल सकता है।

# फार्मर आईडी अनिवार्य, पंजीयन नहीं तो पीएम किसान की किस्त अटकेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत फार्मर आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। अब योजना के अंतर्गत पंजीकृत सभी कृषकों को एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी बनवाना आवश्यक होगा, अन्यथा उन्हें आगामी किस्तों का लाभ नहीं मिल सकेगा।

■ जिले के 7688 किसान अभी भी अपंजीकृत

जिला कृषि विभाग के उप संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में कुल 33447 सक्रिय हितग्राही हैं, जिनमें से 25,755 किसानों ने फार्मर आईडी पंजीयन पूरा कर लिया है। वहीं 7,688 किसान अब भी पंजीयन से वंचित हैं, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्तें प्राप्त नहीं होंगी। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि फार्मर आईडी केवल पीएम किसान योजना तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य कई शासकीय योजनाओं के लिए भी अनिवार्य कर दी गई है। इनमें धान विक्रय, बीज एवं उर्वरक खरीदी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य योजना, कृषि मशीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना शामिल हैं। बिना फार्मर आईडी के किसानों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। फार्मर आईडी पंजीयन के लिए किसानों को कृषि भूमि संबंधी दस्तावेज बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। किसान स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से या नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र सीएससी, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों तथा पटवारी के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते हैं।

# परिणाम नहीं, प्रयास तय करता है भविष्य: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रेरणादायक संदेश दिया है।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से जो उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है, वह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप रहा होगा, जबकि कुछ को निराशा भी हाथ लगी होगी, लेकिन परीक्षा का परिणाम जीवन की दिशा तय नहीं करता, बल्कि आगे बेहतर करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने और उनका मनोबल बढ़ाने की अपील की। वहीं शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों के भीतर छिपी



■ कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दिया संदेश

प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें सही दिशा दें। कलेक्टर ने कहा कि हर बच्चे में विशेष क्षमता, प्रतिभा होती है, जिसे पहचानकर कला, संस्कृति, साहित्य, खेल और विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाया जा सकता है। कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि वे कभी निराश न हों, बल्कि अपनी कमियों को पहचानकर दोगुनी मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करें। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा परिणाम जीवन का अंतिम निर्णय नहीं होता, बल्कि यह हमें मजबूत बनाता है और आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

उन्होंने बच्चों से कहा कि समय पर भोजन करें, नींद लें, खूब खेलें, व्यायाम, योगाभ्यास को दैनिक जीवन में शामिल करें, अच्छी संगीत सुने, खूब पुस्तक पढ़े, अखबार पढ़ें और मोबाइल का उपयोग कम करें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे कोई भी ऐसा कदम न उठाएं जो स्वयं, परिवार या समाज के लिए हानिकारक हो, बल्कि धैर्य और संयम के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें।

# गर्ल्स स्कूल में शिक्षक सोनी को दी गई भावभीनी विदाई



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 30 अप्रैल को विद्यालय परिवार द्वारा वरिष्ठ एवं कर्मठ शिक्षक नंद लाल सोनी के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में एक गरिमामय और भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया।

श्री सोनी की सेवानिवृत्ति 30 जून 2025 को हुई थी, लेकिन इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें विदाई दी। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता और विद्यालय के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री राय ने कहा कि नंद लाल सोनी की सेवाएं 11 दिसंबर 1989 से शुरू होकर 30 जून 2025 को समाप्त हरुइं, लेकिन उनका योगदान कभी समाप्त नहीं हो सकता। उन्होंने केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया। सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विद्यालय और शिक्षा विभाग को श्री सोनी जैसे कर्मठ और अनुशासित शिक्षक पर सदैव गर्व रहेगा।

# तेज तपिश के बीच हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम में आए फिर बदलाव की वजह से बढ़ती तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली हुई है। इसी बीच गुरूवार को जिले के कई स्थानों पर दोपहर के समय हल्की बारिश हुई, लेकिन कई जगहों पर धूप खिली रही और दोपहर धूप छॉव की स्थिति बनती रही। वर्तमान में दोहरा मौसम देखने को मिल रहा है। कही बदली बारिश कही पर धूप खिल रही है।

■ बदला मौसम का मिजाज

जानकारी के अनुसार गुरूवार को पूर्वान्ह के समय जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत छरछा बस्ती क्षेत्र एवं शिवघाट क्षेत्र में हल्की बारिश कुछ देर तक हुई। इसके अलावा जिले के कई अन्य क्षेत्रों में भी हल्की



बारिश होने की जानकारी है। जिला मुख्यालय सहित अन्य जगहो पर धूप खिली रही और दोपहर के समय धूप छॉव की स्थिति बनती रही। वर्तमान में अचानक बदले मौसम के मिजाज के कारण तेज गर्मी से राहत मिली गई।

दोपहर के समय में भी थोड़ी राहत है। गुरूवार को धूप छॉव की स्थिति बनती रही। बीते तीन दिनों से अचानक बदले मौसम के कारण तानमान में गिरावट दर्ज की गई। 30 अप्रैल को अधिकतम तापमान में गिरावट होकर 37 डिग्री तक रही, वहीं न्यूनतम तापमान भी 19 डिग्री रही। मौसम विभाग के अनुसार अभी आगामी कुछ दिन तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है, इससे तेज गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी।

## एक दिवसीय स्काउटर एवं गाइडर कार्यशाला

**बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार तथा जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त विनोद कुमार राय के आदेशानुसार 29 अप्रैल को जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सलका में एक दिवसीय स्काउटर एवं गाइडर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की नवीन योजनाओं, सदस्यता वृद्धि की रणनीतियों, युवा कार्यक्रमों के विस्तार और राज्य पुरस्कार से संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करना था।

# 5 मई से जनसमस्या निवारण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार कोरिया जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत जनपद पंचायतों के 11 एवं नगरीय निकायों के 3 स्थानों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। हालांकि क्लस्टरवाइस इस शिविर में करीब 10-14, गांव शामिल होंगे।

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 5 मई से जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार शिविर जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के विभिन्न क्लस्टर ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे। 5 मई को ग्राम सोस जनपद बैकुंठपुर के पटमा, गणेशपुर, जिलीबांध, तागडांड, कदमबहरा, बंजारीडाड़, गढ़तर, गोविंदपुर, सोंस, करवा, चिरमी, पडिता, खधौरा, इंदरपुर सहित आसपास के ग्राम शामिल रहेंगे।

### नगरीय निकायों में भी शिविर आयोजित

13 मई नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 6, 20 मई नगर पंचायत पटना मिनी स्टेडियम, 25 मई नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर मानस भवन में शिविर आयोजित होंगी। इन शिविर स्थल पर सभी वार्डवासी अपनी समस्याएं, मांग से संबंधित आवेदन दे सकते हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक अपने आवेदन लिखित रूप में शिविरों में प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनका निराकरण अधिकतम 1 माह के भीतर किया जाएगा। यह पहल प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनेगी। प्रशासन द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी, हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ वितरण एवं विभागीय सेवाएं भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इन संपूर्ण कार्यक्रमों के लिए जिला पंचायत सीईओ को जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि इन शिविरों में भाग लेकर अपनी समस्याओं के समाधान का लाभ उठाएं।

इसी तरह 8 मई को ग्राम उझांव जनपद सोनहत के उझांव, अमृतपुर, सिघोर, नटवाही, रामगढ़, आनंदपुर, दसेर आदि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शिविर में भाग लेंगे। 12 मई को ग्राम बचरा जनपद बैकुंठपुर के बड़ेकलुआ, सागरपुर, सकरिया, बैगा, तोलगा, भरदा, अमका, छोटेसाल्ही, छुरी, गेजी, बचरा, बड़ेसाल्ही, टेडमा, बारी, पोंडी, जिल्दा, मुगुम, सांवला, कन्हारबहरा सहित अन्य गांव शामिल रहेंगे। 15 मई कोग्राम पोड़ी जनपद सोनहत के पोड़ी, रजौली, मेण्ड्रा, कछाड़ी, चकडाड़, भैंसवार, अकलासरई, किशोरी, चंदहा, बंशीपुर, नवाटोला, कचोहर आदि ग्राम पंचायतों के लिए शिविर आयोजित होगा। 19 मई को ग्राम करजी जनपद बैकुंठपुर के रामपुर प., छिंदिया, तेंदुआ, चिरगुड़ा, करजी, डुमरिया, रनई, जमड़ी, बरदिया, कटोरा, करहियाखांड, सोरगा, खोंड, टेमरी, टेंगनी, बिलारो, पिपरा, गिरजापुर, सांवरावां सहित कई गांव शामिल रहेंगे। 22 मई को ग्राम कुशहा के कुशहा, ओदारी, मधला, पुसला, कछार, बोड़ार, सलगवांकला, दामुज, बसेर, घुघरा, कैलासपुर, सोनहत आदि ग्राम पंचायतों के लिए शिविर आयोजित होगा। 26 मई को ग्राम फूलपुर के नगर, जगतपुर, उमझर, बिशुनपुर, जूनापारा, रटगा, सारा, गदबदी, फूलपुर, सरडी, ओड़गी, आमगांव, खरवत, चेरवापारा, तलवापारा आदि गांव शामिल रहेंगे। 29 मई को ग्राम लटमा जनपद सोनहत के लटमा, मझारटोला, सुन्दरपुर, रावतसरई, नौगई, मधौरा, बेलिया, तंजरा, केशगवां, बसवाही, कटगोड़ी सहित आसपास के ग्राम पंचायत शामिल रहेंगे। 2 जून को ग्राम सलका के सलका, सलबा, भंडारपारा, अमरपुर, पोटेडांड, मनसुख, डोहड़ा, चिल्का, सरईगहना, मुड़ीझरिया, बस्ती, जामपारा, केनापारा, सागरपुर आदि ग्राम शामिल रहेंगे। 5 जून को ग्राम बुड़ार के बड़गांव, जामपानी, डुभापानी, नरकेली, मझगवां, पतरापाली, मोदीपारा, बरपारा, जटारोमर, कदमनारा, झरनापारा, गोल्हाघाट, बुड़ार, आमापारा, कंचनपुर, खुटरापारा, चारपारा, कुड़ेली, सरभोका आदि ग्राम पंचायत शामिल रहेंगे। 9 जून को ग्राम तरगवां के आनी, उरूमदुगा, भांडी, खांडा, जमगहना, महोरा, मुरमा, पूटा, अंगा, शिवपुर, कटकोना, डकईपारा, चंपाझर, जनकपुर, रामपुर-ज, अमहर, तरगवां, कसरा, खोडरी, डबरीपारा सहित अन्य गांव शामिल रहेंगे।

### निर्देशों के बाद भी अटैचमेंट जारी, सिस्टम पर उठे बड़े सवाल

# बोर्ड के परीक्षा परिणाम में एमसीबी जिला सबसे नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कभी अपनी शैक्षणिक पहचान के लिए जाना जाने वाला जिला आज शिक्षा के मोर्चे पर लगातार पिछड़ता नजर आ रहा है। हालिया आकलन में जिले का प्रदेश में 33 वें स्थान पर खिसक जाना केवल एक ऑकड़ा नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करता है।

चिंताजनक बात यह है कि राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी शिक्षा विभाग में संलग्नकरण (अटैचमेंट) का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा, जिससे स्कूलों की व्यवस्था चरमरा गई है। जिले के कई सरकारी स्कूल आज भी शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं, जबकि दूसरी




ओर बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यालयों या शहरी क्षेत्रों में संलग्न हैं। परिणामस्वरूप ग्रामीण और दूरस्थ स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई जगह एक या दो शिक्षकों के भरोसे पूरा स्कूल चल रहा है, जिससे नियमित कक्षाएं लग पाना मुश्किल हो गया है, इसका सीधा असर छात्रों की बुनियादी शिक्षा पर पड़ रहा है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब विभागीय रिपोर्ट्स में सब कुछ सामान्य दर्शाया जाता है। जमीनी हकीकत और कागजी ऑकड़ों के बीच का यह अंतर सवाल खड़े करता है कि आखिर निगरानी तंत्र कितना प्रभावी है। निरीक्षण की प्रक्रिया अक्सर औपचारिकता बनकर रह गई है, जहां वास्तविक समस्याओं की अनदेखी कर दी जाती है। सबसे बड़ा मुद्दा संलग्नकरण का है। शासन स्तर से बार-बार यह स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों को मूल पदस्थापना स्थल पर कार्य करना अनिवार्य है, इसके बावजूद भी प्रभाव और दबाव के चलते संलग्नकरण जारी है, इससे न केवल स्कूलों में शिक्षकों की असमानता बढ़ी है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता भी गिरती जा रही है। सवाल यह है कि जब निर्देश स्पष्ट हैं, तो फिर पालन क्यों नहीं हो रहा। शिक्षा के नाम पर हर साल करोड़ों रूपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन यदि जिले की रैंकिंग लगातार गिर रही है।

# खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री एवं गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सही दवा, शुद्ध आहार यही छग का आधार अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा मनेन्द्रगढ़, झगराखांड एवं खोंगापानी क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान के साथ सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य गुणवत्ता, स्वच्छता एवं लाइसेंस संबंधी मानकों की जांच की। मनेन्द्रगढ़ स्थित मोहनलाल साहू जलजीरा दुकान में निरीक्षण के दौरान 2 बोतल एक्सपायरी विनेगर सिरप पाया गया, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया तथा संचालक को भविष्य में एक्सपायरी खाद्य सामग्री का विक्रय न करने की सख्त चेतावनी दी गई। इसी क्रम में प्रांशु गुप्ता चाट दुकान में खाद्य रंग का उपयोग पाए जाने पर लगभग 5 किलोग्राम चाट मौके पर नष्ट कराई गई। गन्ना रस एवं आइसक्रीम विक्रेताओं पर भी विभाग ने विशेष निगरानी रखी। बैजनाथ, मोहम्मद



सलमान, अरमान, प्रकाश सोनी गन्ना रस दुकानों सहित भोलेनाथ आइसक्रीम प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर बर्फ की सिल्ली एवं अस्वच्छ आइस बॉक्स हटाए गए। संबंधित संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा निर्धारित समयावधि में अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### बोरीडांड-अंबिकापुर सेक्शन में ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित



**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में अधोसंरचना विकास कार्यों के तहत बोरीडांड–अंबिकापुर रेलखंड में ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से प्रभावित रहेगा। कटोरा–बैकुंठपुर रोड के बीच स्थित रोड ओवरब्रिज-172 एवं शिवप्रसाद नगर–कटोरा के मध्य-195 के डी-लॉन्चिंग कार्य के लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह कार्य बोरीडांड–सूरजपुर रोड दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत किया जा रहा है। इस कारण 3 मई और 10 मई को इस मार्ग की कुछ मेमू पैसेंजर गाड़ियां रद्द रहेंगी। रद्द होने वाली ट्रेन व गाड़ी संख्या की सूची- 68749 शहडोल–अंबिकापुर मेमू पैसेंजर, 68758 अंबिकापुर–अनूपपुर मेमू पैसेंजर, 68759 अनूपपुर–मनेन्द्रगढ़ मेमू पैसेंजर, 68757 मनेन्द्रगढ़–अंबिकापुर मेमू पैसेंजर, 68750 अंबिकापुर–शहडोल मेमू पैसेंजर। रेल प्रशासन ने यात्रियों से आह्वान किया है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें और असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था अपनाएं।

## निधन

### श्रीमती सीतादेवी



**सीतापुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सीता देवी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं हीरो शोरूम के संचालक संजय गुप्ता देवेंद्र गुप्ता अधिवक्ता की माता थी। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई है। इनका अंतिम संस्कार मंगरेलगढ़ मांड नदी के तट पर किया गया। जहां शवयात्रा में शामिल लोगों ने इन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कड़ी मशक्कत के बाद दमकल टीम ने पाया काबू

# शार्ट सर्किट से लगी कपड़ा दुकान में भीषण आग, लाखों का रेडीमेड गारमेंट जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आग लगने की कोई निश्चित समय नहीं होता। ऐसे थोड़ी से लापरवाही भी बड़ी आगजनी का रूप ले सकता है। अभी संभाग मुख्यालय स्थित एक प्लास्टिक एवं फटाका दुकान में लगी भीषण आग लोगों के जेहन से दूर नहीं हुआ वहीं बीती रात शहर स्थित एक कपड़ा दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। दुकान के ऊपरी मंजिल में अचानक लगी आग से लाखों का सामान जलकर खाक हो गए। गनीमत था कि समय रहते ही दुकान से लोग बाहर आ गए नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इधर दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

**खास बात**
- दुकान के ऊपरी मंजिल में लगा था आग

नेशनल हाईवे 43 स्थित कृष्णा ड्रेसेज शोरूम में बुधवार की रात अचानक भीषण आग लग गई। आग शोरूम के ऊपरी हिस्से में लगी, जहां से देखते ही देखते धुएं का घना गुबार उठने लगा। मुख्य मार्ग पर धुआं फैलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सबसे पहले शोरूम की ऊपरी मंजिल से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और कपड़ों से भरे शोरूम का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा लाखों रुपए का कपड़ा, रेडीमेड परिधान और अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया और मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाते इससे पहले ही खालों के कपड़े राख में तब्दील हो चुके है। अचानक एनएच किनारे दुकान में आग लगने से लोगों की काफी भीड़ एकत्र हो गई जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। आगजनी की जानकारी लगने पर पुलिस बल भी मौके पर पहुंचे और मुख्य मार्ग पर यातायात को नियंत्रित किया गया।



आग बुझाते दमकलकर्मी एवं दुकान के सामने उमड़ी लोगों की भीड़।

#### दूसरे दुकान भी आ सकते थे चपेट में

बुधवार की रात एनएच 43 पर जिस जगह कपड़ा दुकान में आग लगी उस दुकान से लगे कई दुकान है। ऐसे में समय रहते आग पर काबू पाया जाता तो अन्य दुकान में भी आग लगने की संभावना थी। हालांकि आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और दूसरे दुकान में फैलने से पूर्व ही आग पर काबू पा लिया जिससे एक बड़ी दुर्घटना समय रहते टल गई।

#### शार्ट सर्किट से लगी आग

दुकान के संचालक दिपेश बंसल ने बताया कि रात लगभग साढ़े नौ बजे धुआं उठा और आग लगने का पता चला,आग लगने का मुख्य कारण शार्ट सर्किट जिससे दुकान रखे लाखों रुपए के रेडीमेड गारमेण्ट जलकर खाक हो गए है। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है।



## परिचयात्मक बैठक में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की परिचयात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा उपस्थित रहे।भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि जिले का प्रत्येक युवा कार्यकर्ता ऊर्जा से लबरेज है और प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की अग्रिम पंक्ति की शक्ति है। उन्होंने युवाओं को अनुशासन और निष्ठा के साथ कार्य करने का मंत्र दिया और संगठन की मजबूती पर बल दिया। जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग ने संगठनात्मक ढांचे की बारीकियों को साझा किया, वहीं आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक रितेश गुप्ता ने युवाओं को सरकार की जनहितैषी नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि युवाओं के कंधों पर ही भविष्य की जिम्मेदारी है। भाजयुमो का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल एक सदस्य नहीं, बल्कि परिवर्तन का वाहक है। हमें एकजुट होकर जन-सरोकार के मुद्दों को उठाना है और संगठन के हाथ मजबूत करने हैं। जिले के युवाओं का उत्साह यह बताता है कि आने वाले समय में यहां का संगठन एक मिसाल कायम करेगा। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो महामंत्री रूपेंद्र कुशवाहा एवं भाजयुमो उपाध्यक्ष पप्पू साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बैठक में संत सिंह, संदीप अग्रवाल, स्वाति सिंह, शैलेश अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, नूतन विश्वास, विभूति कश्यप, रवीन्द्र भारती, मुकेश साहू, अंकुश सिंह, संजू सोनी सहित जिले के समस्त मंडलों से आए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पीएम श्री सेजेस जयनगर में कक्षा 11 वीं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11 वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 1 मई से 5 मई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु निर्धारित पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थियों को 6 मई से 10 मई के बीच आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन का समय प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे से 10.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से कहा है कि निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## 12वीं एवं 10वी बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले का 12वीं का कुल परीक्षाफल 86.46 प्रतिशत तथा 10वीं का परीक्षा परिणाम 82.75 प्रतिशत रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में 12वीं के परिणाम में लगभग 14 प्रतिशत एवं 10वीं के परिणाम में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले से कुल 8158 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे, जिनमें 3491 बालक एवं 4667 बालिकाएं शामिल थीं। परीक्षा में 8081 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 8067 का परिणाम घोषित किया गया। इनमें से कुल 6975 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 2863 बालक एवं 4112 बालिकाएं हैं। प्रथम श्रेणी में 4147, द्वितीय श्रेणी में 2724 तथा तृतीय श्रेणी में 103 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.22 तथा बालिकाओं का प्रतिशत 88.86 रहा, जो दर्शाता है कि बेटियों ने इस वर्ष भी बालकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले से कुल 10170 विद्यार्थी पंजीकृत हुए, जिनमें 4547 बालक एवं 5623 बालिकाएं थीं। परीक्षा में 10002 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 9938 का परिणाम घोषित हुआ। कुल 8224 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 3478 बालक एवं 4746 बालिकाएं शामिल हैं। प्रथम श्रेणी में 4466, द्वितीय श्रेणी में 3560 तथा तृतीय श्रेणी में 198 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 79.22 एवं बालिकाओं का प्रतिशत 85.54 रहा है। यहां भी बालिकाओं ने बालकों से बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।कलेक्टर एस जयवर्धन ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले समस्त विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं समर्पण से जिले का गौरव बढ़ाया है। जिले के परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में हुई उल्लेखनीय वृद्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि जिले की बेटियां अब हर क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयां छू रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के सभी प्राचार्यों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक स्टाफ की निरंतर मेहनत का प्रतिफल है।

### पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय 10वीं एवं 12वी का परीक्षा शत प्रतिशत

**राजपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की है। विद्यालय के शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के 10वीं कक्षा के कुल 45 विद्यार्थियों में से सभी सफल रहे, जिनमें से 42 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर बेहतर प्रदर्शन किया। इस कक्षा में दिव्यास्था सोनी ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गौरवी द्विवेदी ने 90 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा सतरूपा नाग ने 89.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में अध्ययनरत कुल 33 विद्यार्थियों ने भी शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। खास बात यह रही कि सभी 33 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस कक्षा में चांदसी महिलांग ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। अमृता यादव ने 91 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा तथा प्रिंसी कुशवाहा ने 89.4 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परिणाम भी संतोषजनक रहा। यहां 10वीं कक्षा का परिणाम 91 प्रतिशत तथा 12वीं कक्षा का परिणाम 98 प्रतिशत दर्ज किया गया। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश चंद्र मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में पीएम श्री सेजेस प्रेमनगर का शानदार प्रदर्शन

**प्रेमनगर।** पीएम श्री सेजेस प्रेमनगर ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जिससे हर्ष का माहौल है। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह के कुशल मार्गदर्शन और समर्पित शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दिया जा रहा है। प्राचार्य ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों के सही दिशा-निर्देश और विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम का सुखद परिणाम है।

## एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को सरगुजा कमिश्नर ने सुनाई 3 माह की सजा



**बिश्रामपुर।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सूरजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को तीन माह की जेल की सजा सुनाई गई है। आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश और एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एनडीपीएस मामलों में लगातार सक्रिय आरोपी के खिलाफ पीट एनडीपीएस के तहत प्रकरण तैयार कर सरगुजा संभाग कमिश्नर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। कमिश्नर सरगुजा संभाग नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने 29 अप्रैल 2026 को सुनवाई पूरी करते हुए पीट एनडीपीएस एक्ट 1988 की धारा 3 सहपठित धारा 10 के तहत आरोपी विकास राव पिता स्व. के. सत्यनारायण राव निवासी शिवनंदनपुर, थाना बिश्रामपुर को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई,आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी को जिला जेल भेज दिया है।

### हाथियों ने ढहाया मिडिल स्कूल का कीचन

**मैनपाट।** बीती रात 12 सदस्यीय हाथियों ने ग्राम कंडराजा स्थित मिडिल स्कूल के किचन शेड को ध्वस्त कर दिया। हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा करने मजबूर है। क्षेत्र में 15 हाथियों का दल पिछले दो महीने से भ्रमण कर रहा है। दल में शामिल तीन दंतैल अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। दंतैल डांडकेसरा के पाई जंगल, बाव पहाड़ एवं घोड़ा घाट जंगल में मौजूद हैं वहीं 12 हाथियों का दल कंडराजा कॉलोनी के निकट जंगल में भ्रमण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल कॉलोनी के निकट पहुंच गया एवं मिडिल स्कूल के कीचन शेड को ध्वस्त कर दिया। इधर वन कर्मियों का कहना है हाथियों की मौजूदगी की जानकारी देने के बावजूद ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे हैं तथा कोई भी घटना होने पर वनकर्मियों के साथ बदसलूकी कर रहे हैं।

### आम सूचना

मैं सेलेस्टीना मिंज पति स्व. संजीव मिंज निवासी गांधीनगर, वॉर्ड न.1 विशुनपुर तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. की शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे पति स्व. संजीव मिंज है, जो आर्मी पुलिस बैच न. 4273997 है, परंतु उनका दिनांक 03.06.2022 मृत्यू हो चुकी है. और उनके सेवा पुस्तिका क्रमांक 40682 है, परंतु मेरे पति के सेवा पुस्तिका में पुत्री प्रियांशी मिंज (PRIYANSHI MINJ) जिसका जन्म तिथि 27.02.2006 है, परंतु नाम एंव जन्म तिथि भूल वश नहीं दर्ज हो सका है। मैं अपनी पुत्री का नाम एवं जन्म तिथि सेवा पुस्तिका में दर्ज कराने बावत यह स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

जिसकी पुष्टि में स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
सेलेस्टीना मिंज
पति स्व. संजीव मिंज
निवासी- गांधीनगर, वॉर्ड न.1
विशुनपुर तह. अम्बिकापुर
जिला सरगुजा छ.ग.

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रामप्यारे पिता समयलाल उम्र लगभग 45 वर्ष जाति रजवार निवासी ग्राम-पण्डरी पो. देवनगर थाना सूरजपुर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर छ.ग. का शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम - चन्द्रकांता है जो पुत्र के नाम पर जारी ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र में तथा उसके सभी शिक्षा प्रमाण पत्रों में नाम सही रूप में चन्द्रकांता अंकित है, किन्तु मेरे पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड नं.- 6684 9329 9954 में मेरे पुत्र का बचपन का पुकारू नाम मुन्ना चन्द्रकांता अंकित हो गया है जो सही नहीं है, सही नाम चन्द्रकांता है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम सुधार कराकर सही नाम चन्द्रकांता अंकित कराकर प्रदाय कराने हेतु मैं आवेदन पत्र, मय शपथ पत्र सहित उप संचालक महोदय शासकीय मुद्रणनालय चिखली, खैरागढ़ रोड राजनांदगांव (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
रामप्यारे
पिता समयलाल
निवासी- ग्राम-पण्डरी पो. देवनगर
थाना सूरजपुर तहसील
रामानुजनगर जिला-सूरजपुर छ.ग.

## बोर्ड परीक्षा में प्रयास का परिणाम शतप्रतिशत जिले के टॉप-10 में बनाई जगह



**अंबिकापुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल घोषित कक्षा 10वी एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय ने पुनः उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम अर्जित किया है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वी की कु. ज्योति साहू ने 97.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर सरगुजा जिलें मे प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 12वीं की कैलाश कुमारी ने जिले की टॉप 10 सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्राचार्य ओपी साहू ने बताया कि कक्षा 12वीं के गौरवः कैलाश कुमारी 94.00 (प्रथम), कोमल पटेल 93.8 (द्वितीय), अपर्णा राजवाड़े (तृतीय) विद्यालय के शीर्ष स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं के रत्नः ज्योति साहू 97.33 (प्रथम), वेदिका राजवाड़े 96.00 (द्वितीय), वंदना साहू 95.67 (तृतीय) प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के शीर्ष स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं के सभी 115 एवं कक्षा 10वीं के सभी 113 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर अंजीत बंसत एवं सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास) ललित शुक्ला ने समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चाइल्ड एजुकेशन के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सीतापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल बोर्ड के इंग्लिश मीडियम परीक्षा में चाइल्ड एजुकेशन स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस संस्था की छात्रा अनुष्का ने हाईस्कूल इंग्लिश मीडियम बोर्ड परीक्षा में 92.83 प्रतिशत एवं शिवम गुप्ता ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे ब्लाक में पहला एवं दूसरा स्थान प्राप्त किया है। संस्था की प्राचार्य श्रीमती सबा शादाब ने बताया की हाईस्कूल बोर्ड में इंग्लिश मीडियम का यह प्रथम वर्ष था। जिसमे संस्था के हाई स्कूल इंग्लिश मीडियम बैच के दो छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही हाईस्कूल इंग्लिश मीडियम बोर्ड परीक्षा में संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए कहा

### न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ./अ-06/2025-26

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संजू देवी पति स्व.हरि जाति धोबी निवासी ग्राम दरिमा, झुमरपारा तहसील दरिमा, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम दरिमा में स्थित भूमि खसरा नंबर 202/1, 719, 729, 1242 रकबा क्रमशः 0.4000, 0.0160, 0.0810, 0.0200 हे. कुल प्लाट 04 कुल रकबा 0.5170 हे. भूमि कांती बेवा पुदुर, शुभम, दीपक आ. बैजु के नाम पर भूमिस्वामी दर्ज होकर स्थित है। अनावेदकगण चातर वगैरह एवं आवेदिका तथा वसीयतकर्ता एतवारी पुत्री स्व. बंधन के संयुक्त खाते की भूमि है। वसीयतकर्ता एवं ग्रहिता एक ही परिवार के सदस्य हैं वसीयतकर्ता एतवारी निःसंतान होने के कारण वसीयतग्रहिता संजू देवी को पुत्री भांती साथ रखी थी तथा ग्राम दरिमा में स्थित भूमि ख.नं. 202/1,720 रकबा क्रमशः 0.100, 0.029 हे. भूमि कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.129 हे. भूमि का दिनांक 25.06.2018 को वसीयतनामा का निष्पादन किया गया था तथा वसीयतकर्ता भूमिस्वामी एतवारी की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका वादभूमि पर स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15/5/2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA
ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक शशिधर पांडेय को दी गई विदाई

**रजपुरीकला।** लखनपुर गर्ल्स स्कूल में पदस्थ शिक्षक शशिधर पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक शशिधर पांडेय के 42 वर्षों की इस लंबी सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ द्वारा उपहार देकर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने विदाई संदेश में श्री पांडेय ने कहा कि वे जीवन के इस नए अध्याय को उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अब वे अपने शेष जीवन में घूमने-फिरने, परिवार के साथ समय बिताने और समाज सेवा में योगदान देने का प्रयास करेंगे।

### प्राचार्य और शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई



**लखनपुर।** ग्राम देवीटिकरा संकुल अंतर्गत हाई स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों के सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता शामिल हुए। संभागीय संयुक्त संचालक संजय गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता द्वारा सेवा निवृत्त प्राचार्य जेपी चौबे, शिक्षक अजय गुप्ता, शिक्षक केके मिश्रा को शाल श्रीफल भेंट कर भावभीनी सह सम्मान विदाई दी गई। सेवानिवृत्त प्राचार्य और शिक्षकों के सुखद स्वस्थ जीवन की कामना की गई। देवी टिकरा संकुल समन्वयक राजेश उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह श्रीमती रेनु चौबे, जसवीर सिंह, सोमनाथ पांडे, रोहित, नारायण सिंह एवं संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### संकुल सिलौटा-सेमराकला में दो शिक्षाविदों को दी गई विदाई



**प्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटा के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संकुल सिलौटा-सेमराकला के दो शिक्षक, प्राचार्य मुक्तेश ओझा एवं प्रधान पाठक झगरू राम के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। दोनों शिक्षकों ने 30 अप्रैल को अपनी शासकीय सेवा पूर्ण कर ली है। विदाई समारोह में मुक्तेश ओझा और झगरू राम को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुक्तेश ओझा और झगरू राम ने अपने लंबे शैक्षणिक सफर के अनुभव को साझा किया। इस दौरान संकुल सेमरा, संकुल सिलौटा के सभी शिक्षक, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कटोरा रेलवे स्टेशन प्रबंधक पीएल बारीक हुए सेवानिवृत, सहकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर अनूपपुर रेल सेक्शन के कटोरा स्टेशन प्रबंधक पद्मलोचन बारीक आज 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। मूलतः उड़ीसा के बालेश्वर जिला निवासी पीएल बारीक के सम्मान में साथी कर्मियों ने देर शाम कटोरा स्टेशन प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।इस दौरान सेक्शन के विभिन्न स्टेशनों के प्रबंधक स्टेशन मास्टर सहित रेल कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बताया गया कि पीएल बारीक ने सन 1990 में रेल सेवा की शुरुआत करंजी स्टेशन मास्टर के रूप में की,इसके बाद बिश्रामपुर अमलई,कटोरा,बिजुरी, हरद, कमलपुर ग्राम में बतौर स्टेशन प्रबंधक दायित्वों का सफल निर्वहन किया।वर्तमान में वे सन से कटोरा स्टेशन प्रबंधक के रूप में सेवा देते हुए आज 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो गए हैं । आयोजित विदाई समारोह में सहकर्मियों ने उन्हें ईमानदार और कर्तव्य निष्ट रेल अधिकारी बता उनके सेवाकाल की सराहना की है।

### मारपीट कर बुलेट सवार से लूट अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** ग्राम दतिमा आमापारा निवासी पप्पु राजवाडे आ. स्व. मानिकचंद राजवाडे सोमवार को साथी टेम साय राजवाडे के साथ बुलेट क्रमांक सीजी 29 एएच 1811 की लाई बनाने सहित अन्य काम से शहर आए थे। शाम को वापस बुलेट से घर जाने लगे और जैसे ही बनारस रोड एक होटल के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ता रोक लिया और विवाद करने के साथ मारपीट कर दोनों को बुलेट में बैठाकर कमोदा बिहार के समीप सुनसान जगह में ले गए। साथ ही थाने ले जान की धमकी देते हुए रूपए की मांग मांग करने लगे। इसी बीच युवक ने नकदी नहीं होने की बात कही तो युवकों ने एक युवक को च्वाइस सेंटर लेकर चले जहां नकदी 4 हजार 40 हजार रूपए फोन पे में डलवाने के बाद 4 हजार रूपए लेकर वापस लौटे और दोनों को डरा धमका कर युवकों के पास रखे सामान को लूट कर फरार गए।

## संयुक्त टीम ने दुकान को किया सील

# होटल की आकस्मिक जांच में मिली दो लाख से अधिक कालातीत खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीम ने गुरूवार को शहर के विभिन्न होटल एवं मिष्ठान दुकानों की औचक जांच की। टीम की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इस दौरान टीम ने प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के एक स्वीट्स दुकान से 2 लाख रूपए से अधिक का कालातीत खाद्य सामग्री जब्त करने के साथ ही उसे सील कर दिया। गुणवत्ताहीन एवं शाकाहारी व मांसाहारी भोजन एक साथ बनाने एवं परोसने के मामले में टीम ने एक होटल का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की है साथ ही सभी प्रतिष्ठानों को दण्डराशि अधिरोपित की है।

**खास बातें**

- लगाया 50 हजार का जुर्माना
- प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में 24 घंटे संचालित हो रही थी दुकान

शहर सहित जिलेभर के होटल-ढाबों एवं मिष्ठान दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों की अवहेलना करने के साथ ही गुणवत्ताहीन एवं मिलावटी सामग्री का विक्रय करने, स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना करने की शिकायत पर कलेक्टर अजीत बसंत ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व, ननि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त जांच दल गठित कर होटल-ढाबों की जांच कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक टीम ने गुरूवार को प्रतीक्षा बस स्टैण्ड स्थित शिवम मिष्ठान एवं डेली नीड्स दुकान में छापामार कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री विक्रय करने संबंधी शिकायतें लगातार मिल रही थी। इस दौरान दुकान में बड़े पैमाने पर कालातीत खाद्य सामग्रियों के पैकेट देख टीम के सदस्य हैरान रह गए। कई सामग्रियों की एक्सपायर तिथि मिटा दी गई थी जबकि बड़ी संख्या में खाद्य सामग्रियों के कालातीत पैकेट को यथावत विक्रय किया जा रहा था। टीम के सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी कालातीत खाद्य सामग्रियों के पैकेट को छांटकर अलग किया तो दो लाख से अधिक की खाद्य सामग्री निकली। जब्त खाद्य सामग्री को नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। दुकान में पांच ट्रे में रखे सड़े लड्डू एवं बरफी को टीम ने फेकवा दिया। जब्त कालातीत खाद्य सामग्री से ननि की ट्रैक्टर ट्राली भर गई थी। माना जा रहा है कि दुकान संचालक अधिक कमाई के लालच में एजेंसियों से दुकानदारों द्वारा लौटाई गई कालातीत खाद्य सामग्रियों को सस्ते दरों पर खरीदता था तथा पैकेट पर छपी कीमत पर बेचता था। बस स्टैण्ड होने के कारण अधिकांश यात्री दुकान संचालक की मनमानी पर ध्यान नहीं देते थे किसी का ध्यान जाता भी था तो व्यवसायी उन्हें डांटकर भगा देता था। दुकान 24 घंटे संचालित होती थी। दुकान में शटर तक नहीं लगाया गया है। टीम ने तिरपाल से ढककर दुकान से सामग्री का विक्रय प्रतिबंधित किया है। इस दौरान टीम ने दुकान संचालक पर 50 हजार रूपए का दण्ड अधिरोपित किया है तथा दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई कर रही है।




जांच करती टीम।




जब्त सामान।

### एक बर्तन में बन रहा था शाकाहारी, मांसाहारी भोजन

टीम ने प्रतापपुर चौक स्थित रूचिवन होटल की जांच की तो भारी गड़बड़ी मिली। रसोई में भारी गंदगी के बीच एक ही बर्तन में मांसाहारी एवं शाकाहारी भोजन पकाया जा रहा था। होटल कर्मचारी एक ही करछुल से मांसाहारी एवं शाकाहारी भोजन परोस रहे थे। होटल में एकमात्र बर्तन में मांसाहारी एवं शाकाहारी भोजन पकाने एवं परोसने को टीम ने शासन के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए 20 हजार का दण्ड अधिरोपित किया है साथ ही होटल का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की है। खाद्य एवं औषधि विभाग के जिलाधिकारी नीतेश मिश्रा ने बताया कि शासन ने शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन को अलग-अलग बर्तन में स्वच्छता के साथ पकाने एवं अलग रखने के साथ ही अलग बर्तन से परोसने का निर्देश दिया है। दुकान संचालक द्वारा शाकाहारी ग्राहकों को भी लापरवाही पूर्वक मांसाहारी भोजन परोसते पाया गया है जो बड़ी लापरवाही है।

### मिली भारी गंदगी

प्रशासन की संयुक्त टीम ने गुरूवार को शहर के पुराने बस स्टैण्ड स्थित महामाया होटल, मंगली भोजनालय, शिवम स्वीट्स, महामाया स्वीट्स, महामाया मार्ग स्थित सुदामा होटल, गुदरी बाजार स्थित मिश्रा स्वीट्स एवं प्रतापपुर चौक स्थित रूचिवन होटल की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान सभी होटलों एवं मिष्ठान दुकानों में भारी गंदगी मिली। कुछ दुकानों मक्खियां भिनभिनाते देखा गया। रसोई में भी भारी गंदगी मिली। लापरवाही पर टीम ने शिवम होटल पर 10 हजार रूपए, मंगली होटल पर 5 हजार रूपए, शिव स्वीट्स पर 5 हजार रूपए, महामाया स्वीट्स पर 15 हजार रूपए, सुदामा होटल पर 10 हजार रूपए, मिश्रा स्वीट्स पर 5 हजार रूपए एवं रूचिवन होटल पर 20 हजार रूपए का दण्ड अधिरोपित किया है। टीम के सदस्यों ने सभी दुकान संचालकों को भविष्य में खाद्य सामग्रियों के गुणवत्ताहीन मिलने एवं स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

प्रशासन की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी। जांच में स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना एवं गुणवत्ताहीन सामग्री का विक्रय करते पाए जाने पर दंडराशि अधिरोपित करने के साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

-नीतेश मिश्रा
अभिहित अधिकारी
खाद्य एवं औषधि प्रशासन



## 396 नग नशीले इंजेक्शन के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गांधी नगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से न सिर्फ नशे के कारोबारी चार आरोपियों को पकड़ा बल्कि आरोपियों के पास से दो लाख कीमत की 396 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

सहायक जिला अधिकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 29 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर थाना गांधीनगर अंतर्गत चार नशीले इंजेक्शन के कारोबारियों पर कार्रवाई की गई। राजपुर अंतर्गत ग्राम कर्रा निवासी अक्षय जायसवाल को आसडांढ घंघरी बाजार के पास पकड़ा और उसके पास से 240 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 20 रुपए है। इसी तरह शाम को मुखबिर की सूचना पर मूलतः बिहार के रहने वाला नमना कला निवासी ओम उर्फ शौर्य पाठक जो कि सरगवां में किराए का मकान लेकर रहता था। उसके किराए के मकान में दबिश देकर उसके पास से 38 हजार कीमत की 76 नग नशीला इंजेक्शन जब्त की गई। इसी बीच कार्रवाई के बाद आरोपी ओम पाठक आबकारी स्टाफ को बाथरूम जाने का चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी पतासाजी की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश के दौरान टीम जैसे ही पीजी कॉलेज ग्राउंड के समीप पहुंचा तभी वहां दो युवकों को संदिग्ध हालत में देख पकड़ पूछताछ किया तो एक ने अपना नाम विवेक कुमार सोनी तथा दूसरे ने अपना नाम प्रिंस एक्का बताया। दोनों की तलाशी में एक झोले से 40 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 ( सी )के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारू राम, अशोक सोनी, रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडेय,ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं चंद्रावती सक्रिय रही।

## एमपी की 101 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** अवैध शराब बिक्री के मामले में लुंड्रा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 101 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी एमपी से शराब लाकर सरगुजा में खपा रहा था। बताया जा रहा है कि लुंड्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बहेराडीह निवासी दयासाहू एमपी से शराब लाकर पुराने खंडहर घर में रखा है और अस पास के क्षेत्र में बिक्री कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश में निकली थी। इस दौरान दया साहू अपनी डस्टर कार क्रमांक सीजी 11 एमबी 5170 से निकलकर जा रहा था। पुलिस ने संदेही को रोककर उसके वाहन की तालशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कार से आफ्टर डार्क व्हिस्की की 6 नग बोतल, कार्टून डब्बे में गोवा लिखा अंग्रेजी शराब जिसमें नग 180 एमएल के कुल 300 नग कुल मात्रा 101.46 लीटर शराब बरामद किया गया जिसकी कीमत 92 हजार 60 रूपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब के साथ ही कार को जब्त करने के साथ ही आरोपी लुंड्रा निवासी 52 वर्षीय दया साहू आ. स्व. अमीन साहब को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में सउनि अजीत कुमार मिश्रा, शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक महेश कुमार, जयदीप सिंह, विकाश सिन्हा, भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह, अमन पूरी, इब्नुल खान, बालेश्वर सिंह, राजकुमार यादव सक्रिय रहे।



# सरगुजा की बेटी रिंकी का भारतीय टीम में चयन

**अंबिकापुर।** जिले की खिलाड़ी रिंकी सिंह का चयन आगामी तीसरे इंटरनेशनल टारगेटबॉल अचीवर्स कप 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 से 7 मई 2026 तक नेपाल के काठमांडू में आयोजित होगी, जिसमें भारत की टीम भाग लेगी। सरगुजा जैसे दूरस्थ एवं संसाधन-विहीन क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना रिंकी की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। सीमित सुविधाओं के बावजूद उन्होंने जिस प्रकार लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि रिंकी सिंह ने अपने खेल जीवन में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित सीनियर इंटरनेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक, सीनियर नेशनल फेडरेशन कप (मथुरा) में रजत पदक (टीम कप्तान के रूप में) तथा हरियाणा टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक के साथ "बेस्ट शूटर" अवार्ड उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं। इसके अलावा रिंकी ने जूनियर एवं सीनियर नेशनल प्रतियोगिताओं में निरंतर भागीदारी निभाई है, साथ ही वर्ष 2024 में रोहतक (हरियाणा) में आयोजित नेशनल टारगेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम की कोच की भूमिका भी निभाई। सरगुजा जैसे क्षेत्र से निकलकर भारतीय टीम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन रिंकी ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के दम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

- टारगेटबॉल प्रतियोगिता में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



### ब्रेकर से उछल कर सड़क पर गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम उदरसाई निवासी जीवन दीप आ. विद्धानाथ (28 वर्ष) 28 अप्रैल को दोस्त के बड़े भाई की बाइक को लेकर ग्राम कोठली गया था। शाम को वापस घर आ रहा था और जैसे ही कोठली पुलिया के समीप पहुंचा तभी ब्रेकर से उछल कर सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को डीपाडीह अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सद्भावना ग्राम तकिया उर्स में कवि सम्मेलन के साथ होगा कव्वाली मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुराद्शाह व हजरत बाबा मोहम्मत शाह का सालाना उर्स 20, 21 व 22 मई को मनाया जाएगा। उर्स के मौके पर ऑल इंडिया सद्भावना मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके साथ ही देश के जाने माने कव्वाल के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा।

उर्स को लेकर कमेटी की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दकी ने बताया कि तकिया शरीफ में हजरत बाबा मुरादशाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सलाना उर्स 20 से 22 मनाया जाएगा। इस दौरान 20 मई को शाम 4 बजे जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली जाएगी और मगरिब के बाद शाम 7 बजे मजार शरीफ में चादर चंदल पोशी की जाएगी और उलमाये दीन की तकरीर होगी। इसके साथ ही रात 9 बजे से ऑल इंडिया सद्भावना मुशायरा एवं कवि सम्मलेन होगा जिसमें देश के नामचिन वसीम बरेलवी, मन्जर भोपाली, राज कौशिक, नईम अख्तर खादगी, अज्म शाकिरी, डॉ. नदीम साद, फैज खलीलाबादी, अतुल अजनबी, फारूख राय बरेलवी, डॉ. मेहताब आलम, खुशबु श्रीवास्तव, सुन्दर मालेगावी, राधिका मित्तल, दीपक अग्रवाल, सुफियान काजी शरीक होगें। वहीं 21 व 22 मई-2026 को हिन्दूस्तान के जाने माने कव्वाल मुजतबा अजीज नाजा मुम्बई एवं छोटी तमन्ना बानो कोल्हापुर महाराष्ट्र के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अप्रैल 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

# कार से टकराई बाइक, युवक की मौके पर मौत

**राजपुर।** ग्राम भादर बाजार के समीप मुख्य मार्ग पर बाइक सवार कार से जा टकराया जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम सेवारी निवासी रामचंद्र आ. खोडिया (16 वर्ष) गुरूवार की दोपहर युवक बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 9630 से किसी काम के सिलसिले में शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम रकईया जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कुसमी मुख्य मार्ग भादर बाजार के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 10 एयू 6980 से सीधे जा टकराया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कार चालक वाहन को मोड़ रहा था तभी बाइक सवार सीधे कार से जा टकराया। घटना की जानकारी लगते ही राजपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की गई

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम मितगई निवासी मान साय आ. दल्लू (39 वर्ष) गत दिन पत्नी सुनीता आयाम से चिकन के लिए पांच रुपए की मांगा। पत्नी ने रुपए नहीं होने पर पड़ोसी गया गई और रुपए ली तभी पति पहुंचा और पत्नी के पास से दो रुपए लेकर शराब पी लिया और घर आकर कीटनाशक लेकर नदी की ओर चला गया। युवक नदी किनारे ही कीटनाशक पी लिया। इस बीज पीछे से पत्नी पहुंचा और पति द्वारा कीटनाशक पी लेने पर घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन निजी वाहन से उसे रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में सन्ना निवासी केशरू राम आ. बैशाखू राम (42 वर्ष) बुधवार की शाम पत्नी को मिर्च फसल में कीड़ा लग जाने पर कीटनाशक छिड़काव करने ग्राम सफाई डीहा बादा जाने की बात कही। इसी बीच बादा में ही अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया।




